### अधिकारियों पर लगाए भ्रष्टाचार और गौहत्या जैसे गंभीर आरोप, आज होगा उग्र आंदोलन

# 52 गायों की मौत पर भड़का बजरंग दल, लापरवाही के लगाए आरोप

जिले की गौशालाओं में लगातार सामने आ रही अव्यवस्थाओं और कथित रूप से 52 गायों की मौत के मामले ने अब बड़ा राजनीतिक और सामाजिक रूप ले लिया है। बजरंग दल के जिला मंत्री गौरव सेन ने पशुपालन विभाग एवं नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं, बल्कि गौवंश के साथ अमानवीय व्यवहार और गौहत्या जैसी स्थिति है। उन्होंने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए आरोप लगाया कि जिले की विभिन्न गौशालाओं को शासन द्वारा जारी की जाने वाली राशि समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई। उनका दावा है कि भुगतान में जानबूझकर देरी की गई, जिसके कारण गौशालाओं में चारा, पानी और उपचार जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं। उन्होंने आरोप लगाया कि समय पर भुगतान नहीं होने के कारण कई गौशालाओं में गायों को पर्याप्त भोजन और इलाज नहीं मिल पाया, जिसके चलते दर्जनों गायों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते अपनी जिम्मेदारी निभाता तो इन बेजुबान पशुओं की जान बचाई जा सकती थी। उन्होंने पशुपालन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी पर भी गंभीर आरोप लगाए। गौरव सेन का कहना है कि संबंधित अधिकारी लगभग दो दशक से अधिक समय से जिले में पदस्थ हैं। उनके अनुसार, शासन के सामान्य स्थानांतरण नियमों के बावजूद इतने लंबे समय तक एक ही स्थान पर बने रहना कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध पूर्व में कई शिकायतें और जांच हुई हैं, लेकिन किसी भी मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि निष्पक्ष जांच तभी संभव होगी जब पहले संबंधित अधिकारी का तत्काल स्थानांतरण किया जाए।

गौरव सेन ने आरोप लगाया कि जिले में पशुपालन विभाग से जुड़ी अनेक योजनाओं में पारदर्शिता का अभाव है और करोड़ों रुपये की योजनाओं के संचालन में अनियमितताओं की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। उनका दावा है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होना यह संकेत देता है कि कहीं न कहीं पूरे मामले में प्रभावशाली संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने मांग की कि शासन पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराए ताकि वास्तविक तथ्य सामने आ सकें। नगर निगम प्रशासन पर भी उन्होंने तीखा हमला बोला। उनका आरोप है कि नगर निगम की गौशालाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। गौशालाओं में क्षमता से अधिक गायें रखी जा रही हैं, जबकि चारा, पानी और चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि गौशालाओं में लगातार गायों की मौत की खबरें सामने आने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई और न ही किसी अधिकारी की जवाबदेही तय की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गायों की मौत के वास्तविक आंकड़ों को भी छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

बजरंग दल नेता ने यह भी आरोप लगाया कि गौशालाओं के संचालन में मिलने वाली राशि का समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। उनका कहना है कि यदि शासन द्वारा आवंटित धन का सही उपयोग किया जाता तो गायों की यह स्थिति कभी उत्पन्न नहीं होती। उन्होंने पूरे वित्तीय लेन-देन का ऑडिट कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की।

मंगलवार को नगर निगम की पिंजरा गाड़ी को रोकने की घटना का उल्लेख करते हुए गौरव सेन ने कहा कि निगम कर्मचारी आवारा घूम रही गायों को पकड़कर गौशाला ले जा रहे थे। उनका कहना था कि जब पहले से गौशालाओं में अव्यवस्था और गायों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं, तब स्वस्थ गायों को वहां भेजना उचित नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कई बार समझाने के बावजूद निगम कर्मचारियों ने कार्रवाई नहीं रोकी, जिसके बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पिंजरा गाड़ी का दरवाजा खोलकर गायों को मुक्त करा दिया।

गौरव सेन ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद नगर निगम प्रशासन ने गौ रक्षा करने वाले कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए तो उन अधिकारियों के खिलाफ होनी चाहिए जिनकी लापरवाही के कारण दर्जनों गायों की मौत हुई। उनका कहना है कि गौ संरक्षण के लिए आवाज उठाने वालों को ही आरोपी बनाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे समाज में गलत संदेश जाएगा।

## बजरंग दल ने सीएम, एसपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की



उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। ऐसे में गौशालाओं में लगातार हो रही मौतें करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने इस गंभीर विषय को संवेदनशीलता से नहीं लिया और समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए।बजरंग दल ने मुख्यमंत्री, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि गौशालाओं में नियमित रूप से चारा, पानी और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाए, दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा गौशालाओं की कार्यप्रणाली की स्वतंत्र जांच कराई जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो जिलेभर में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उल्लेखनीय है कि गौशालाओं में गायों की मौत का मामला अब जनचर्चा का विषय बन चुका है। सामाजिक संगठनों द्वारा भी पारदर्शी जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई जा रही है। अब सबकी निगाहें प्रशासन और शासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं कि इस गंभीर मामले में जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं या नहीं।





## श्री राम मंदिर में आज से प्रारंभ होगा रुद्राभिषेक, एक माह तक चलेगा आयोजन

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा शहर के हृदय स्थल छोटी बाजार स्थित श्री सत्यधर्म मंडल श्री राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा सावन माह के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ के भव्य महारुद्राभिषेक का ऐतिहासिक आयोजन आज से प्रारंभ हो रहा है। जिसके लिए पुण्य सलिला माँ नर्मदा जी का पवित्र जल मंदिर लाया गया है। आज 30 जुलाई से मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारों के साथ प्रारंभ हो रहे इस धार्मिक अनुष्ठान में पूरे सावन माह माँ नर्मदा जी के जल से ही बाबा भोलेनाथ का अभिषेक संपन्न किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष



मुकुल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य आयोजन सावन के पूरे महीने प्रतिदिन प्रातः 6:30 बजे से पूर्ण विधि-विधान और वैदिक रीति से आयोजित होगा, जिसके लिए विशेष रूप से वेदाचार्य पं. नंदकिशोर शास्त्री जी उपस्थित रहेंगे। वहीं ट्रस्ट के सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि पिछले 30 से अधिक वर्षों से समिति द्वारा इस गौरवशाली परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है और धर्मप्रेमियों की सुविधा के लिए यह महारुद्राभिषेक पूरे माह पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। समिति के अध्यक्ष मुकुल सोनी, सचिव सतीश दुबे लाला, उपाध्यक्ष निखिल विश्वकर्मा, आशु चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुभाष साहू, उपकोषाध्यक्ष अनिल सोनी, राहुल राजपूत एवं अशोक चौरसिया विगत दिनों से इस अनुष्ठान हेतु तैयारी कर रहे है। इस वर्ष के अनुष्ठान की मुख्य विशेषता यह होगी कि सावन के प्रत्येक सोमवार को विभिन्न पवित्र ज्योतिर्लिंगों के प्रतिरूप का निर्माण किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रथम सोमवार को बाबा अमरनाथ जी, द्वितीय सोमवार को उज्जैन के बाबा महाकाल जी, तृतीय सोमवार को महाराष्ट्र के नासिक में विराजित त्र्यंबकेश्वर जी और चौथे सोमवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू के बाबा पशुपतिनाथ जी के दिव्य स्वरूप में रुद्राभिषेक संपन्न होगा।

## नशा मुक्ति के लिए खिलाड़ियों ने ली शपथ, जागरूकता अभियान आयोजित

**छिंदवाड़ा।** महिला थाना पुलिस द्वारा बुधवार को ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान के तहत पुलिस लाइन ग्राउंड एवं स्टेडियम ग्राउंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बलिदान फिजिकल अकादमी तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग अकादमी के लगभग 200 से 250 खिलाड़ियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। स्थानीय खेल प्रशिक्षकों वीरेंद्र कावरेती, विनीता नेति और श्रद्धा वर्मा के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अभियान में युवाओं को खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। इस दौरान नशे के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में निरीक्षक अरुणा वाहने, उपनिरीक्षक सावित्री बघेल, उपनिरीक्षक रूपेश यादव, महिला प्रधान आरक्षक शकीला खान, महिला प्रधान आरक्षक डिंपल एवं प्रधान आरक्षक राजेश की सक्रिय सहभागिता रही। पुलिस अधिकारियों ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज में नशा विरोधी जनजागरण का संदेश फैलाने की अपील की।



## मंदिर से दान पेटी चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कोतवाली पुलिस ने मंदिर में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई नकदी, दान पेटी और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 21 जुलाई 2026 की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच हनुमान मंदिर रोड स्थित विश्वकर्मा मंदिर से लोहे की दान पेटी चोरी कर ली गई थी। दान पेटी में करीब 60 हजार रुपये की नगदी रखी हुई थी। घटना की शिकायत मंदिर समिति की ओर से दर्ज कराई गई थी, जिस पर कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 286/2026 धारा 305(डी) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई।




पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्य जुटाए। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रकाश उर्फ प्रकाश मोरे, निवासी नगर पालिका क्षेत्र नागपुर (महाराष्ट्र), हाल निवासी नगर निगम कॉलोनी, जिला नागपुर के रूप में हुई है।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गई दान पेटी, करीब 60 हजार रुपये नगद तथा वारदात में प्रयुक्त दो पहिया वाहन बरामद कर लिया।पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने दान पेटी को मंदिर से उठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर तोड़ा और उसमें रखी नकदी निकाल ली थी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

## झोलाछाप डॉक्टरों पर हुई कार्यवाही, 4 क्लिनिक सील

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का मकड़जाल सा फैल गया है, जहां पर झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम आम लोगों की जान से खिलवाड़ करते नजर आ रहे हैं। इलाज के नाम पर बड़ी रकम की ठगी के साथ-साथ उपचार में खामियां लगातार दिखाई दे रही है इसके बाद भी यह झोलाछाप बिना डर के अपना बिजनेस चला रहे हैं। बुधवार 29 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग और राजस्व विभाग की टीम द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक पर संयुक्त कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान घोरावाड़ी और दमुआ के कुल चार क्लिनिक को सील किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ सुरेश नागवंशी से मिली जानकारी अनुसार 29 जुलाई बुधवार को तहसीलदार दमुआ धनराज पवार, स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ उपस्थित रहे और झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में बस स्टैंड घोरावाड़ी खुर्द मैं डॉक्टर चंचल बागची के क्लीनिक को सील किया गया है वहीं हनुमान दफाई दमुआ में डॉक्टर विकास हालदार, पार्क रोड दमुआ में डॉक्टर श्यामल विश्वास एवं वार्ड नंबर 8 दमुआ में डॉक्टर छेदीलाल सरवन के क्लीनिक पर कार्यवाही करते हुए क्लिनिक को सील किया गया है। कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम संजय सिरस्वे, एम आई जुन्नारदेव, फार्मासिस्ट जुन्नारदेव उपस्थित रहे। कार्यवाही में क्लीनिक से मेडिकल सामग्री भी जप्त की गई है।



## जिला एवं अपर सत्र न्यायालय का हुआ वर्चुअल उद्घाटन



**परासिया :** ग्राम पंचायत खिरसाडोह में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय के नए भवन का वर्चुअल उद्घाटन हुआ । यह उद्घाटन हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया के द्वारा न्यायाधीश देवनारायण मिश्रा की उपस्थिति में जबलपुर से किया गया ।उद्घाटन कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सुशांत हुद्दा ने दीप प्रज्वल्लित कर शिलालेख का अनावरण किया । इस दौरान अन्य न्यायाधीशगण , अधिवक्तागण उपस्थित रहे । तीन मंजिला इस न्यायलय भवन में लगभग एक माह के भीतर न्यायालयीन कार्य सुचारु रूप से होने लगेंगे ।

### हर्रई में विधायक ने शाल-श्रीफल से किया गुरुजनों का सम्मान

## मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हर्रई नगर श्रद्धा, भक्ति और गुरु परंपरा के रंग में रंगा नजर आया। बस स्टैंड परिसर में अमरवाड़ा विधायक राजा कमलेश शाह के सानिध्य में विशाल फलाहारी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर फलाहार प्रसाद ग्रहण किया।

पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक समरसता का अद्भुत संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुजनों के सम्मान के साथ हुआ। विधायक राजा कमलेश शाह ने उपस्थित संत-महात्माओं एवं गुरुजनों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु केवल शिक्षा देने वाले नहीं, बल्कि जीवन का मार्ग प्रशस्त करने वाले पथप्रदर्शक होते हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करने में गुरु की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।



## सांसद ने ने केन्दीय मंत्री यादव से मुलाकात कर दो कोयला खदानों को खोलने की एनओसी देने पर जताया आभार

**छिन्दवाड़ा।** मंत्रालय के प्रमुख विभाग कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं छिन्दवाड़ा व पांढूर्णा के सांसद बंटी विवेक साहू ने मानसून सत्र के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के केन्दीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात करते हुए कोयलांचल क्षेत्र में भारत ओपन कास्ट कोयला खदान एवं मोहन कालरी मोआरी कोयला खदान को प्रारंभ करने के लिए पूर्ण सहयोग और एनओसी देने पर केन्दीय मंत्री भूपेन्द्र यादव का अभिनंदन किया। साथ ही अन्य कोयला खदानों को संचालित करने के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुमति मांगी है। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र भी दिये है। मुलाकात के दौरान केन्दीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सांसद बंटी विवेक साहू को आगे भी हरसंभव सहयोग का आष्वासन दिया है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले के विकास को लेकर कृतसंकल्पित और हमेशा ही सक्रिय रहने वाले सांसद बंटी विवेक साहू ने केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात के दौरान उन्हें बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र में वेस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड कोयला कम्पनी परासिया में कार्यरत हैं। यहा पर वर्षों से कोयला खदानें संचालित होती रही हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि यहा पर भारत ओपन कास्ट कोयला खदान एवं मोहन कालरी मोआरी कोयला खदान खुलने से हजारों लोगों को रोजगार मिल सकेंगा।



# आस्था का महाकुंभः गुरुपूर्णिमा पर जामसांवली धाम में उमड़े ढाई लाख श्रद्धालु

## चमत्कारिक हनुमान जी के चरणों में नवाया शीश, महाप्रसाद का किया गया वितरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भारतीय संस्कृति के सबसे पवित्र और पावन पर्व गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सौंसर के प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक), जामसांवली धाम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत महासागर उमड़ पड़ा।

मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे लगभग ढाई लाख श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव हनुमान दादा के दिव्य दरबार में हाजिरी लगाई और गुरु रूप में उनका पूजन-अर्चन कर अपने मंगलमय जीवन की कामना की। सुबह से लेकर देर रात तक पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के गगनभेदी जयघोष से गूंजता रहा। आयोजन के दौरान बारिश भी भक्तों का उत्साह आस्था और श्रद्धा काम नहीं कर पाई है।सनातन परंपरा में संकटमोचन हनुमान जी को केवल बल और बुद्धि ही नहीं, बल्कि अखंड भक्ति, सेवा, समर्पण और गुरु-तत्व का जीवंत स्वरूप माना गया है।

ऐसी प्रगाढ़ धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त गुरु पूर्णिमा के पावन दिन हनुमान जी को अपना गुरु मानकर पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ उनके श्रीचरणों में नतमस्तक होता है, उसके जीवन के समस्त कष्ट और संकट दूर होते हैं। उसे बल, विद्या, आरोग्य और आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसी अटूट आस्था और विश्वास के चलते हर वर्ष गुरु पूर्णिमा पर जामसांवली धाम में लाखोंश्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ता है।

### भजन संध्या में बही भक्तिरस की धारा

गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर आयोजित भव्य भजन संध्या ने इस पावन पर्व के उल्लास को और बढ़ा दिया। ख्यातिप्राप्त भजन गायक श्री पुनीत कुशवाह ने अपनी बेहद मधुर और ओजस्वी वाणी में जब हनुमान महिमा का गुणगान किया, तो पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। देर रात तक चले भजनों की स्वरलहरियों के बीच श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमते नजर आए। पर्व के मुख्य दिन प्रातःकाल ब्रह्ममुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ हनुमान जी महाराज का महाभिषेक संपन्न हुआ। मुख्य यजमान के रूप में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार और मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने सपत्नीक एवं अधिकारियों के साथ महाबली हनुमान का पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए, और देखते ही देखते दर्शनार्थियों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं।

### आस्था, अनुशासन और सेवा का अद्भुत संगम

मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन और मंदिर ट्रस्ट के समन्वय से दर्शन व्यवस्था बेहद सुचारू और अनुशासित रही। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल वाटरप्रूफ पंडाल, चौबीसों घंटे निःशुल्क भंडारा, पेयजल और चिकित्सा शिविर की व्यवस्था की गई थी। साथ ही सौसर रेलवे स्टेशन से जामसांवली धाम तक विशेष निःशुल्क बस सेवा संचालित की गई।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर किया गया महाप्रसाद का वितरण



छिंदवाड़ा। संस्कृत पुस्तकोंन्नन्ति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी आश्रम खजरीं में प्रति वर्षानुमान इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया । सुबह से ही साधक भक्तों का तांता लगा रहा । दिन भर कई धार्मिक आयोजन सम्पन्न हुए । समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने बताया कि गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है । यह सिर्फ साधको का ही नही अपितु सम्पूर्ण मानव जाति का उत्सव पर्व है क्योंकि जीवन मे जो भी ज्ञान ,संस्कार ,मार्गदर्शन ,प्रेरणा हमें मिली है उसका श्रेय गुरु को ही जाता हैं ।साधकों के लिए आज का दिन विशेष होता हैं । ब्रह्मज्ञानी गुरु को भगवान ब्रह्मा ,विष्णु ,महेश भी प्रणाम करतें हैं । आज अपनी कृतज्ञता का भाव गुरु को अर्पण करने का दिन होता हैं । क्योंकि वर्ष भर गुरु हमें देते ही हैं । जिनके जीवन में गुरु नहीं हैं उनका जीवन पशु समान ही है । इस दिव्य पर्व को व्यासपूर्णिमा भी कहते है । जिले से बहुत से साधक भक्त गुरु पूर्णिमा मनाने जोधपुर और अहमदाबाद भी गए हैं ।यहाँ भी दिन भर साधक भक्तों की भीड़ लगी रही । जिले के बाहर से आने वाले साधक भक्तों के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई । शेष स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए हलवा प्रसाद की । आश्रम में रात्रि 9 बजे तक भी आम लोगों का आवागमन रहा । इस महोत्सव में 39 हजार से अधिक लोग लाभांवित होने की खबर है ।इस प्रकार के आयोजन देश भर के 550 आश्रमो में सम्पन्न हुए जिसमे करोड़ों करोड़ो लोग लाभांवित हुए । आज आश्रम में ऋषि प्रसाद जयंती भी मनाई गई जिसमें ऋषि प्रसाद सेवा धारीयो को सम्मानित किया गया । उधर लिंगा आश्रम की संचालिका साध्वी प्रतिमा बहन ,साध्वी रेखा बहन ने भी सभी साधको को गुरु पूर्णिमा पर्व की विशेष बधाई दी । श्रद्धालु भक्तों की भीड़ पूज्य बापूजी की लोकप्रियता दर्शाती है ।इस दैवीय कार्य मे खजरीं आश्रम के संचालक जयराम भाई ,समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ,ऋषि प्रसाद प्रभारी तुकाराम भाई ,पी आर शेरके ,धनाराम सनोडिया ,एम आर पराडकर ,शम्भूदयाल साहू ,गेंदराव कराडे ,राजकुमार साहू ,सुभाष इंगले ,नारायण ताम्रकार ,बबलू माहोरे ,महिला समिति से विमल शेरके , डॉ. मीरा पराडकर , शकुंतला कराडे ,करुणेश पाल ,योगिता पराडकर , निर्मिला पटेल आदि ने सेवाएं दी । उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी भगवानदीन साहू ने दी ।

### तीन दिवसीय साईं महोत्सव पर निकली पालखी यात्रा



सौसर। बुधवार को श्री साईं सद्गुरु समिति, सौसर के तत्वावधान में नागपुर रोड स्थित वार्ड क्रमांक 15 स्थित श्री साईं मंदिर में तीन दिवसीय भव्य गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान साईं भक्ति से पूरा क्षेत्र सराबोर नजर आ रहा है, जहाँ तीन दिनों तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के तहत भजन, आरती और श्रद्धा के स्वर गूंज रहे हैं।महोत्सव के अंतर्गत श्री साईं चरित्र पारायण, गुरु पूजन, हवन, भजन-कीर्तन, भव्य पालखी यात्रा और महाप्रसाद जैसे धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला चल रही है। समिति ने नगर और आसपास के तमाम श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।28 जुलाई को महोत्सव का शुभारंभ श्री साईं बाबा के मंगल स्नान के साथ हुआ।

## सांदीपनी गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव




शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 29 जुलाई बुधवार को सांदीपनी गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में बतौर अतिथि सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉक्टर प्रकाश अजवानी, पंडित अभिषेक तिवारी, पंडित विनय दुबे सहित भूतपूर्व छात्र एवं समाजसेवी विष्णु प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एके टांडेकर के निर्देशन में कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर संगीता वाशिंगटन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान गुरु शिष्य की महिमा पर डॉक्टर अजवानी द्वारा अपना उद्बोधन दिया गया इसके उपरांत पंडित तिवारी द्वारा प्राचीन संस्कृति में गुरु की महिमा का बखान किया गया पंडित दुबे द्वारा ब्रह्म में ही ज्ञान और गुरु में ही संस्कार की बात कही गई। उन्होंने गुरु को सर्वश्रेष्ठ निरूपित किया।

विष्णु प्रसाद शर्मा द्वारा आधुनिक युग और प्राचीन युग की तुलना की गई जहां पर वर्तमान में आई के प्रयोग सहित गुरुओं की वर्तमान में भूमिका के संबंध में अपने बखान दिए गए। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा गुरु बिना ज्ञान नहीं की बात कही गई। डॉ संगीता वाशिंगटन ने बढ़ते आधुनिकरण में तकनीकी शिक्षा और गुरुओं की श्रेष्ठ भूमिका के संबंध में कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपनी बात कही। कार्यक्रम को डॉक्टर रश्मि नागवंशी प्रोफेसर मनोज मालवीय ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का आभार प्रोफेसर आरडी वाडिवा द्वारा व्यक्त किया गया।कार्यक्रम के दौरान आगंतुक अतिथियों का शाल श्रीफल से स्वागत के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक स्टाफ के गुरुओं का भेंट देखकर सम्मान किया गया।

### पांचवी टेकड़ी स्थित 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर पर आधारित भक्ति गीत 12 ज्योतिर्लिंग तेरो धाम का विमोचन

सौंसर। बुधवार को गुरु पूर्णिमा के पावन और पवित्र अवसर पर सौंसर की धर्मप्रेमी जनता को एक अनूठी सौगात मिली है। सौसर की पांचवी टेकड़ी स्थित प्रसिद्ध 12 ज्योतिर्लिंग मंदिर की महिमा और भगवान शिव की असीम कृपा पर आधारित भक्ति गीत 12 ज्योतिर्लिंग तेरो धाम॰ का भव्य विमोचन किया गया। भगवान भोलेनाथ के चरणों में समर्पित इस भक्ति गीत को सौंसर के उभरते और प्रतिभाशाली गायक प्रकाश विश्वकर्मा ने अपनी बेहद मधुर और भावपूर्ण आवाज से सजाया है। खास बात यह है कि इस गीत के रचनाकार (लेखक) भी प्रकाश विश्वकर्मा ही हैं, जिनकी कलम से निकले शिव भक्ति के शब्दों ने श्रोताओं के मन को मोह लिया है। इस संपूर्ण भक्ति एल्बम के निर्माण और सफलता में शिवराम टेकड़ी समिति के सभी सदस्यों का सक्रिय और महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। समिति का मानना है कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक प्रयासों से सौंसर की पावन पहचान राष्ट्रीय पटल पर और अधिक मजबूत होगी। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़, पप्पू सेठ, नरेश गोयल लक्ष्मण चाके सहित आयोजन की सफलता पर शिवराम टेकड़ी समिति ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।



दीप प्रज्वलन और तिलक वंदन से हुआ स्वागत, विद्यार्थियों को अनुशासन, पाठ्यक्रम और कौशल विकास की दी गई जानकारी

## महाविद्यालय पाली एकेडमी बिसोनी में गुरु पूर्णिमा के साथ मनाया गया नवप्रवेशित विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज लाँजी । बिसोनी महाविद्यालय पाली एकेडमी इंस्टीट्यूशन में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के साथ नवप्रवेशित विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में डीएलएड और बी.एड के नए प्रशिक्षणार्थियों का विधिवत स्वागत किया गया और उन्हें महाविद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य एवं प्राचार्य श्री बी. जे. लिल्हारे द्वारा मां सरस्वती और गुरु सांदीपनी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नवप्रवेशित डीएलएड और बी.एड के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत वंदन किया गया। गुरु पूर्णिमा और महाविद्यालय की गतिविधियों की दी जानकारी प्रोफेसर श्री सी. एस. मेश्राम ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नवप्रवेशित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के पाठ्यक्रम, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं अन्य गतिविधियों की सारगर्भित जानकारी दी। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने मंच से महाविद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। वहीं नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया। प्रोफेसर श्री खेमेंद्र उमरे ने मनोवैज्ञानिक, दार्शनिक, योगासन और प्राणायाम के विषयों पर जानकारी साझा करते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया। उन्होंने गुरु-शिष्य के प्रगाढ़ संबंध और एक कुशल शिक्षक में होने वाले गुणों का भी विस्तार से वर्णन किया।

प्राचार्य श्री बी. जे. लिल्हारे ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महाविद्यालय के अनुशासन और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों में समस्त महाविद्यालय परिवार सदैव विद्यार्थियों के साथ खड़ा है। उन्होंने प्रशिक्षण से जुड़ी जरूरी जानकारियां क्रमबद्ध तरीके से विद्यार्थियों तक पहुंचाईं। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने बी.एड और डीएलएड के विद्यार्थियों के कौशल विकास, व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर श्री बी. सी. पटेल ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. के. के. उमरे, गौरव भंडारकर, कृष्णी मेम, उमेंद्र नागभिडे, अजीत बोरकर, राजेश गजभिए, संजय मेश्राम, संतोष बोरकर एवं जी. के. सोनवाने सहित समस्त महाविद्यालय परिवार का अभूतपूर्व योगदान रहा।

### खरीफ फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई, किसान समय रहते कराएं फसल बीमा

बालाघाट। किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों से खरीफ फसलों का बीमा समय पर कराने की अपील की है। विभाग ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। अब किसानों के पास बीमा कराने के लिए केवल सात दिन शेष हैं। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बदलते मौसम, अनियमित वर्षा एवं प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले संभावित नुकसान की भरपाई के लिए फसल बीमा अत्यंत आवश्यक है। योजना के तहत प्राकृतिक आपदा अथवा प्रतिकूल मौसम से फसल क्षति होने पर किसानों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

करंट लगने के बाद तिरोड़ी अस्पताल में नहीं मिला उपचार

## डॉक्टर न मिलने से गई 27 वर्षीय युवक की जान






हरिभूमि न्यूज कटंगी।

ग्रामीण अंचलों में सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दावों की पोल एक बार फिर खुल गई। मंगलवार 28 जुलाई की दोपहर तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कोयलारी में करंट लगने की एक घटना में घायल हुए 27 वर्षीय आदिवासी युवक को समय पर इलाज न मिलने के कारण मौत हो गई। आरोप है कि नजदीकी तिरोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी पर कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था, जिसके कारण बहुमूल्य समय बर्बाद हुआ और युवक की जान चली गई। जानकारी के अनुसार ग्राम कोयलारी निवासी सुभाष पिता ओमकार धुर्वे उम्र 27 वर्ष मंगलवार दोपहर राजमिस्त्री का काम कर रहा था। इसी दौरान उसे तेज करंट लग गया। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद ग्रामीण उसे लेकर नजदीक के तिरोड़ी अस्पताल पहुंचे। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में उस समय कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। सिर्फ एक महिला स्टाफ अपने बच्चे के साथ मौजूद थी। उन्होंने घायल का प्राथमिक उपचार तक नहीं किया और सीधे कटंगी जाने कह दिया। समय बर्बाद न हो इसलिए परिजन उसे लेकर अतिरिक्त 15 किमी. दूर सरकारी अस्पताल कटंगी लेकर आए। यहां चिकित्सक ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद कोयलारी सहित आस-पास के क्षेत्र में आक्रोश दिखाई दिया।

### बीएमओ ने दिया चौंकाने वाला जवाब-

ग्रामीणों ने कहा कि अगर तिरोड़ी अस्पताल में समय पर डाक्टर और जरूरी इलाज मिल जाता तो सुभाष की जान बच सकती थी। मृतक सुभाष अपने पीछे ढाई साल का एक छोटा बेटा और पत्नी छोड़ गया है। घर में कमाने वाला अकेला वही था। इस पूरे मामले में बीएमओ डॉ विनोद भलावी से तिरोड़ी अस्पताल में चिकित्सक के ना होने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि चिकित्सक अवकाश पर गए हैं। जब उनसे पूछा गया कि कोई वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई तो उनका जवाब आया जहां परमार्नेट भर्ती है वहां वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई जाती। तिरोड़ी अस्पताल में बनवारी मीणा नाम के चिकित्सक पदस्थ है। बीएमओ के जवाब का मतलब साफ है डॉक्टर छुट्टी पर जा सकता है, लेकिन मरीज मर भी जाए तो कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं होगा। यही है हमारी बेहतर स्वास्थ्य सेवा है।

### वह सवाल जो सरकार, विधायक और सांसद को आईना दिखाते हैं-

इस घटना के बाद समूचे क्षेत्र में लोग सवाल पूछ रहे हैं। और इन सवालों का जवाब किसी के पास नहीं है। सवाल है कि क्या आपने कभी सुना है कि किसी मंत्री, विधायक, सांसद या किसी बड़े राजनेता के परिवार के सदस्य को सरकारी अस्पताल में डॉक्टर नहीं है यह कहकर वापस भेज दिया गया हो? जवाब है नहीं, कभी नहीं। क्योंकि उनके लिए 108 एंबुलेंस 5 मिनट में आती है। उनके लिए डॉक्टर छुट्टी कैंसिल करके आता है। उनके लिए प्राइवेट अस्पताल के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। तो फिर सुभाष जैसा गरीब, आदिवासी, मजदूर ही सरकारी अस्पताल में दम क्यों तोड़ता है? जवाब क्योंकि उसके पास पैसा नहीं है और वह मात्र एक वोट तक ही सीमित है। मार्यल नगरी तिरोड़ी में आयुष की भी एक भव्य इमारत बनाकर तैयार है लेकिन वहां भी पर्याप्त सुविधाएं मौजूद नहीं हैं जिससे ऐसा लगता है कि सरकार केवल इमारते बनाकर अपनी वाहवाही बटोर रही है। बिल्डिंग है, बेड है, मशीन है... पर चलाने वाला डॉक्टर नहीं है और हकीकत यह है बिल्डिंग से जान नहीं बचती।

### विधायक-सांसद से सवाल-

तिरोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर न होने से एक मौत हुई। इसका जिम्मेदार कौन? सिर्फ छुट्टी बोलकर पल्ला झाड़ लेना काफी है? क्या आदिवासी युवक का जीवन इतना सस्ता है? अगर यही घटना किसी बड़े महानगर, जिला मुख्यालय या राजनेता या किसी बड़े अफसर के परिवार के किसी के सदस्य के साथ होती तो क्या निलंबन और जांच कमेटी नहीं बनती? तो गांव में क्यों नहीं? वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं? बीएमओ का कहना है वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होती। तो क्या मरीज को ये पता होना चाहिए कि आज डॉक्टर छुट्टी पर है इसलिए बीमार न पड़े या हादसा ना हो। परिवार का क्या होगा? सुभाष के ढाई साल के बेटे और पत्नी को सरकार क्या मुआवजा देगी? क्या पुलिस इस पूरे मामले को एक हादसे के तौर पर लेकर जांच करेगी या स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही भी तय हो इस दिशा में जांच करेगी। या फाइल में दुर्घटना लिखकर केस बंद होगा?

## साढ़े तीन वर्षों बाद ग्राम पंचायत उकवा में दिखा विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज उकवा।

जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत उकवा में साढ़े तीन वर्षों बाद ग्रामीणों को दिखा विकास कार्य जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर देखने मिल रही है नवागत सरपंच श्रीमती रामवती उयके उपसरपंच शिव शंकर तिवारी एवं पंचगणो के द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं जैसा कि देखने में आया वार्ड क्रमांक 12 एकलव्य विद्यालय के पीछे पोंडी टोला एवं पानीटोला साईं मंदिर के पास पक्की सड़क एवं पक्की नाली निर्माण कराया गया वार्ड क्रमांक07 वार्ड क्रमांक 10 एवं वार्ड क्रमांक 11 में पानीटोला पक्की नालियों का निर्माण इसी प्रकार सामुदायिक भवन उकवा का सौंदर्य करण कराया गया । इसी प्रकार वर्तमान में बस स्टैंड उकवा प्रतीक्षालय निर्माण गति से कराया जा रहा है इसी प्रकार गणेश पंडाल उकवा कैंप में सभा मंच का निर्माण कराया जा रहा है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 7 वार्ड क्रमांक 12 एवं वार्ड क्रमांक 14 में आरसीसी लघु पुलिया का निर्माण कराया गया इसी प्रकार ग्राम के चौक चौराहा एवं बाजार परिसर में हाई मास्क लाइट के माध्यम से रोशनी की उत्तम व्यवस्था की गई इसी तरह भीषण पेयजल की समस्या को देखते हुए नलकूप में समरसियल पंप एवं पानी टैंकर के माध्यम से ग्राम के नागरिकों को पेयजल की व्यवस्था कराई गई उकवा से पोंडी सड़क गैस गोदाम की ओर जाने वाली सड़क एवं पूरपूरी नगर में सड़क मरम्मत कार्य किया गया इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 6 वार्ड क्रमांक 12 वार्ड क्रमांक 10 वार्ड क्रमांक 14 एवं वार्ड क्रमांक 16 में आने-जाने के रास्ते का मरम्मत कार्य कराया गया वर्षों से पड़ी नाली सफाई का कार्य गति से कराया गया इसी प्रकार वर्षाकालीन बाद ग्राम पंचायत उकवा की वर्षों से खराब सड़कों को देखते हुए सामुदायिक भवन से संजय अग्रवाल के घर से होते हुए ओंम प्लाई रोपवे लाइन सीसी सड़क इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 4 वार्ड क्रमांक 10 एवं वार्ड क्रमांक 16 में सीसी सड़क इसी प्रकार बाजार परिसर की स्थिति को देखते हुए सौंदर्य करण जैसे अनेकों कार्य का प्रांकलन तैयार कर तकनीकी स्वीकृति प्राप्त कर जल्दी ही उक्त निर्माण कार्य कराए जाने की तैयारी में है।



## शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत विविध कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। विकासखंड वारासिवनी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी में लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया।संस्था प्रमुख सविता रिनायत के नेतृत्व तथा शिक्षक रूपसिंह उइके एवं धन्नालाल बिसेन के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। पखवाड़े के दौरान गुरु के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता, मेरे जीवन में गुरु विषय पर निबंध प्रतियोगिता, संस्कृत श्लोक एवं गुरु वंदना, योगाभ्यास, ध्यान एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, करियर मार्गदर्शन एवं प्रेरक व्याख्यान, ॰एक गुरु—एक वृक्ष॰ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण, पालक-शिक्षक बैठक, स्वच्छता अभियान तथा गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद का आयोजन किया गया।प्रेरणा संवाद में शिक्षक धन्नालाल बिसेन ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर अभ्यास का महत्व बताते हुए प्रेरक उद्बोधन दिया। अंतिम दिवस गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा सभी विद्यार्थियों ने गुरुजनों के सम्मान एवं आदर्श जीवन मूल्यों का पालन करने का संकल्प लिया।



## खबर संक्षेप

### सहायक आयुक्त के विवादित जाति प्रमाण पत्र पर 09 अगस्त को विशाल प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला जनजातीय कार्य विभाग, सिवनी में पदस्थ सहायक आयुक्त लालजीराम मीणा के जाति प्रमाण पत्र की वैधानिक प्रमाणिकता को लेकर उत्पन्न संवैधानिक संकट अब एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप धारण कर चुका है। संविधान की पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत प्रदत्त जनजातीय अधिकारों के संरक्षण एवं प्रशासनिक निष्पक्षता की पुनर्स्थापना हेतु जनजातीय समाज एवं विधि विशेषज्ञों ने निर्णायक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है।
अधिवक्ता एवं समाजसेवी महेंद्र शाह मर्सकोले ने औपचारिक घोषणा करते हुए कहा कि आगामी 09 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर सिवनी जिले का समस्त जनजातीय समाज एकजुट होकर महामहिम राज्यपाल के नाम एक विशाल महाज्ञापन प्रस्तुत करेगा एवं संवैधानिक अधिकारों की रक्षा हेतु जन-आंदोलन का आगाज़ करेगा।

### गुरु पूर्णिमा पर विद्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू हायर सेकेंड्री स्कूल, चक्की खमरिया में गुरुजनों के सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ।
विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु ही ज्ञान, संस्कार और जीवन के सही मार्गदर्शक होते हैं। विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर, पुष्प अर्पित कर एवं शुभकामनाएँ देकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रेरणादायक भाषण, कविता पाठ तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने गुरु-शिष्य परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया तथा सभी विद्यार्थियों से अपने माता-पिता एवं शिक्षकों का सदैव सम्मान करने का संदेश दिया। गुरु पूर्णिमा भारत की प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा को समर्पित पर्व है, जिसे आषाढ़ पूर्णिमा के दिन श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया जाता है।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन जिला स्तरीय सांदीपनि उत्सव मे हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन जी जिला स्तरीय सांदीपनि उत्सव एवं महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे शामिल हुए। आज गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय मे आयोजित जिला स्तरीय सांदीपनि उत्सव एवं महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रुप मे शामिल हुए तथा सर्वप्रथम मां सरस्वती जी एवं संत शिरोमणी गुरु श्री रविदास जी का पूजन कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम मे विद्यालय परिवार द्वारा फूलमालाओं से विधायक दिनेश राय मुनमुन का अतिथि सत्कार किया गया। इसके पश्चात सेवानिवृत्त शिक्षकों, 100 प्रतिशत परिक्षाफल वाले हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल प्राचार्यों, 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों एवं नीट परीक्षा मे चयनित विद्यार्थियों का विधायक दिनेश राय मुनमुन जी के करकमलों से स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

# निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया बेचने पर कृषि केंद्र संचालक पर एफआईआर दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**



कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी एवं अधिक मूल्य वसूली पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जांच की जा रही है। इसी क्रम में लखनादौन विकासखंड के ग्राम बाम्हनवाड़ा स्थित एक कृषि केंद्र पर निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर यूरिया उर्वरक बेचने का मामला सामने आने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध थाना लखनादौन में एफआईआर दर्ज कराई गई है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुविभागीय कृषि अधिकारी लखनादौन श्रीमती अर्चना नागदेवे ने थाना लखनादौन में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि 17 जुलाई 2026 को कृषि विस्तार अधिकारी श्री माधव भंडारी के साथ ग्राम बाम्हनवाड़ा स्थित साहू कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र संचालक शरद साहू द्वारा किसानों को यूरिया उर्वरक 350 रुपये प्रति बैग की दर से बेचा जा रहा था।
निरीक्षण के दौरान यूरिया खरीदने वाले किसानों से पूछताछ कर उनके लिखित बयान दर्ज किए गए। इसके अलावा 18 जुलाई को भी संबंधित किसानों से पृथक रूप से पूछताछ की गई, जिसमें किसानों ने स्पष्ट रूप से बताया कि उन्होंने साहू कृषि केंद्र से 350 रुपये प्रति बैग की दर से यूरिया खरीदा है।
जांच में यह भी सामने आया कि उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के तहत यूरिया उर्वरक का शासन द्वारा निर्धारित अधिकतम विक्रय मूल्य 266.50 रुपये प्रति बैग है। इसके बावजूद किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलकर उर्वरक का विक्रय किया गया, जो उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 का उल्लंघन है।
कृषि विभाग की जांच रिपोर्ट एवं साक्ष्यों के आधार पर थाना लखनादौन पुलिस ने शरद साहू, संचालक साहू कृषि केंद्र, बाम्हनवाड़ा के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 की धारा 3 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने, उर्वरकों की कालाबाजारी अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# कबीर वार्ड की बदहाल स्थिति, मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे रहवासी

**नगर पालिका सिवनी के अंतर्गत आने वाले कबीर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव लोगों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ है।**

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**



वार्ड के रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र नगर पालिका सीमा में शामिल होने के बावजूद आज तक उन्हें नगर पालिका द्वारा दी जाने वाली आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड में सडक़, नाली, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहद खराब है। जगह-जगह टूटी सडक़ें, अधूरी नालियां और पेयजल की समस्या से नागरिक रोजाना जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि एक आम नागरिक को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है, लेकिन इस दिशा में अपेक्षित कार्य नहीं हो रहा है।
रहवासियों का आरोप है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे और विकास के दावे करते हैं, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद वार्ड की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सडक़, नाली एवं पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

# योग समिति का गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम संपन्न लगातार 16 वर्षो से चल रहा निः शुल्क योग शिविर



**हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।**

स्थानीय योग समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ के प्रांगण मे श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित योग साधकों एवं श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।
योगाचार्य गणेश लाल झारिया, जो की लगातार 16 वर्षो से निः शुल्क योगाभ्यास करा रहे है का सम्मान सभी योगाभ्यासियों द्वार किया गया कार्यक्रम मे भारत स्वाभिमान समिति तहसील अध्यक्ष तोप सिंह देशमुख, ब्रह्माकुमारी गायत्री दीदी, आरोग्य भारती जिला अध्यक्ष डॉ. अविनाश तिवारी, गायत्री परिवार प्रबंध ट्रस्टी सुरेन्द्र साहू तथा बालगोविंद पाठक के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामूहिक योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। अतिथियों ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं तथा आध्यात्मिक एवं नैतिक उन्नति में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, योग प्रशिक्षक, वरिष्ठजन, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ तथा योग समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया।

### शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व का भव्य आयोजन



केवलारी- 29 जुलाई 2026 को आषाढ़ कृष्ण पक्ष पूर्णिमा मे गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान मे पर्व का भव्य आयोजन हुआ।पुरातन परम्परा को चिरजीवी बनाये रखने ओर गुरूजनो के सम्मान को अक्षुण्य वनाये रखने के लिए वक्ताओ के माध्यम से ज्ञान के प्रकाश के रुप मे व्याख्याता जमुना प्रसाद शुक्ल डाइट ने गुरु पूर्णिमा के उद्देश्य महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तृत व्याख्यान दिया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर ने संत कबीरदास के प्रेरणादायी दोहों के माध्यम से गुरु-शिष्य संबंधों की महत्ता को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। श्रीमती धनेश्वरी हरिनखेड़े ने अपने उद्बोधन में महर्षि सांदीपनि एवं महर्षि वेदव्यास के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा के आदर्शों पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. संजय कुमार मिश्रा द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. डी. एल. मनेश्वर ने किया।इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी भांडे, प्रो. रामेश्वर धुर्वे, डॉ. जितेश गवनेकर, डॉ. संतोष, डॉ. जसवंत सिंह राजपूत, डॉ. दशरथ सतीलांजेवर, डॉ. धर्मेन्द्र परते, पंकज साकेत, श्रीमती रश्मि बघेल, श्री हेमराम मर्सकोले, श्री संदीप भगत, श्री दीपचंद कुलेश, श्री राघव जंघेला, श्री कमल सिंह साहू, श्री अरविंद नामदेव सहित महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

सिवनी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**

पुलिस ने गंज वार्ड में गांजा बिक्री कर रही एक महिला को रंगे हाथों गिरफ्तार कर 308 ग्राम अवैध गांजा जप्त किया है।
दिनांक 27/07/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रीतम मानाठाकुर गंज वार्ड सिवनी में अपने घर के सामने अवैध गांजा विक्रय कर रही है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम गठित कर बताये गए स्थान पर रेड कार्रवाई की गई।
पुलिस टीम ने गंज वार्ड में एक मकान के आंगन में एक महिला को नीले रंग का थैला बगल में रखकर बैठे देखा। पुलिस को देखकर महिला के हड़बड़ाने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम मयूरी खताबिया पति कन्हैयाल खताबिया, उम्र 35 वर्ष, निवासी कुचबुंदिया मोहल्ला, गंज वार्ड सिवनी बताया। समक्ष गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर महिला के पास रखे नीले थैले में अखबार की पुडियों में कुल 308 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नकदी 460 प्राप्त हुए। जिसे विधिवत जप्त कर आरोपिया को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार आरोपिया मयूरी खताबिया के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पंचायत सिवनी की अध्यक्षता में पशुपालन एवं डेयरी विभाग अंतर्गत लखपति गौपालक दीदी योजना एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी जिला सिवनी के समस्त क्लस्टर स्तरीय अधिकारियों के साथ उपस्थित रहे। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी ने सभाकक्ष में उपस्थित सभी को अवगत कराया कि लखपति गौपालक योजना डेयरी विकास कार्यक्रम के साथ साथ एक व्यव्हारिक और वैज्ञानिक विधि है जिसको अपनाकर शून्य पूंजीगत निवेश पर ग्रामीण महिलाएं अपने देशी अवर्णित गाय तथा भैंस में कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से उच्च गुणवत्ता के आनुवांशिक 1 पीढ़ी की बछिया या पडिय़ा प्राप्त कर उसे उचित पोषण तथा स्वास्थ्य रक्षक उपाय अपनाकर उसकी माता की तुलना में दो से तीन गुना दूध उत्पादन प्राप्त कर सकेगी। तथा इससे तीन से चार लाख रूपए सालाना की आय ले सकते हैं और यदि इस प्रकार की तीन से चार पडिय़ा या बछिया को गाय भैंस में परिवर्तित कर रुपए 10 लाख सालाना की आय अर्जित की जा सकती है।
मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन जिला सिवनी के समस्त क्लस्टर स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिला सिवनी की समस्त पशु सखियों के माध्यम से समस्त स्व सहायता समूह की सदस्य महिलाओं को इस योजना की जानकारी दी जाये तथा ग्राम पंचायत स्तर से योजना के प्रचार-प्रसार हेतु दिवारों पर स्लोगन लिखवाकर सभी पशुपालकों को घर घर संदेश दिया जायें । उक्ताशय की जानकारी डॉ मनीष कुमार शेन्डे सहायक संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा दी गई।

# घर में चोरी करने वाला रिश्तेदार चढ़े पुलिस के हत्थे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।**



जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के विशेष निर्देशों एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा एसडीओपी अपूर्व भलावी के कुशल मार्गदर्शन में थाना धूमा पुलिस ने घर में चोरी की वारदात का त्वरित खुलासा करते हुए शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गया समस्त मशरूका भी बरामद कर लिया है।
दिनांक 22/06/2026 को प्रार्थीया शिवानी श्रीवास्तव निवासी धूमा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 15/06/2026 को उनकी बुआ की देवरानी का लडक़ा शिवम उर्फ साहिल श्रीवास्तव मेहमानी के लिए उनके घर आया था। दिनांक 16/06/2026 को करीब 11 बजे वह पुणे जाने की बात कहकर घर से निकला। इसके बाद जब प्रार्थीया दोपहर 12 बजे वापस लौटीं तो अलमारी में रखा जेवरों का बैग खुला मिला। जांच पर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर गायब थे। प्रार्थीया द्वारा संपर्क करने पर आरोपी ने मोबाइल बंद कर लिया। चोरी गए जेवरों में एक जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के करधन, दो सोने की बेंदी, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, चांदी की बिछिया, बच्चों के चांदी के कड़े एवं संतान साते वाला कड़ा शामिल थे। कुल अनुमानित कीमत लगभग 35,000/- थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना धूमा में अपराध पंजीबद्ध कर निरीक्षक डी. एस. मरावी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही शिवम उर्फ साहिल श्रीवास्तव पिता सोहन लाल श्रीवास्तव, उम्र 23 वर्ष, निवासी लुठौती, थाना मैहर, जिला मैहर को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ पर आरोपी ने दिनांक 16/06/2026 को अपनी रिश्ते की बहन के घर से चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही पर पुलिस ने चोरी गया सम्पूर्ण मशरूका विधिवत जप्त कर लिया है।

#### गिरफ्तार आरोपी

शिवम उर्फ साहिल श्रीवास्तव पिता सोहन लाल श्रीवास्तव, उम्र 23 वर्ष, निवासी लुठौती, थाना मैहर, जिला मैहर

#### जप्त मशरूका

एक जोड़ी चांदी की पायल, चांदी के करधन, दो सोने की बेंदी, सोने का मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट, चांदी की बिछिया, बच्चों के चांदी के कड़े एवं संतान साते वाला कड़ा।

#### विशेष भूमिका

निरीक्षक डी. एस मरावी, सउनि महेश उइके, प्रआर तेजलाल परते, म. प्रआर सिरोजो खान एवं आर भैयान अंसारी

### शासकीय महाविद्यालय घंसौर में प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में, 31 जुलाई तक करें आवेदन

**प्रवेश मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को मिलेगा सीधे प्रवेश का अवसर**

**घंसौर/** उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए शासकीय महाविद्यालय घंसौर ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की है। महाविद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है, ताकि वे नए सत्र में अध्ययन का लाभ उठा सकें। महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी जानकारी, आवश्यक मार्गदर्शन तथा सीधे प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया एमपी ई-प्रवेश के माध्यम से ऑनलाइन संचालित की जा रही है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को अपनी अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास (डोमिसाइल) प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट आकार का फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज तैयार रखना होगा। सीमित सीटों को देखते हुए विद्यार्थियों को अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना शीघ्र आवेदन करने की सलाह दी गई है। महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी प्राध्यापकों का मार्गदर्शन तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव तैयार करता है।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति का पुनर्गठन

# लखनादौन बाम्हनवाड़ा के युवा नेता सत्येन्द्र उइके बने सदस्य

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन।** सिवनी कार्यालय कलेक्टर(जनजातीय कार्य),सिवनी द्वारा आदेश क्रमांक 4684/योजना/जि.स./2026, दिनांक 22 जुलाई 2026 के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति का पुनर्गठन किया गया है। यह आदेश भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के प्रचलित दिशा-निर्देशों तथा जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के उपरांत जारी किया गया है। लखनादौन बाम्हनवाड़ा के युवा नेता सत्येन्द्र उइके ग्राम पंचायत बाम्हनवाड़ा सरपंच को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सिवनीः लखनादौन क्षेत्र के सक्रिय युवा आदिवासी नेता, भारतीय जनता पार्टी के एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सत्येन्द्र उइके ग्राम पंचायत बाम्हनवाड़ा सरपंच को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति में अशासकीय सदस्य के रूप में मनोनित किया गया है। उनके मनोनयन को क्षेत्र के जनजातीय समाज तथा भाजपा कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।



समिति की प्रमुख संरचनाः समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर, सिवनी होंगे तथा सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य को सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके अतिरिक्त समिति में पुलिस अधीक्षक संबंधित लोकसभा क्षेत्रों के सांसद, जिले के विधायकगण तथा विभिन्न क्षेत्रों के अशासकीय सदस्यों को शामिल किया गया है। अशासकीय सदस्यों में सत्येन्द्र उइके ग्राम पंचायत बाम्हनवाड़ा सरपंच (लखनादौन), रविन्द्र मर्सकोले (सिवनी), सुधीर बट्टी (बरघाट), गजानंद पंचेश्वर (केवलाारी),सत्येन्द्र उइके (लखनादौन), नरेन्द्र उइके (केवलारी), ओमप्रकाश सासनकर (बरघाट) तथा संजय उइके (केवलारी) शामिल हैं। क्षेत्र में खुशी का माहौलःसतेन्द्र उइके (बाम्हनवाड़ा ) ग्राम पंचायत बाम्हनवाड़ा सरपंच के समिति सदस्य बनने पर लखनादौन सहित पूरे सिवनी जिले में जनजातीय समाज एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। क्षेत्रवासियों का कहना है।

## बच्चों के माता पिता ने जनसुनवाई में पहुंचे रखी समस्या

# नवीन संदीपनि विद्यालय में प्राथमिक व माध्यमिक कक्षाएं प्रारंभ करने की अभिभावकों ने की मांग

संदीपनि प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की कक्षाओं को डूंडा सिवनी के पुराने भवन से ग्राम कंडीपार स्थित नवीन विद्यालय परिसर में स्थानांतरित किए जाने की मांग एक बार फिर जोर पकडने लगी है। बड़ी संख्या में बच्चों के माता पिता समस्या को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे,अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कंडीपार में विद्यालय का आधुनिक भवन पूरी तरह तैयार है तथा वहां कक्षा 9वीं से 12वीं तक का नियमित शिक्षण कार्य संचालित हो रहा है। इसके बावजूद प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं का संचालन अब भी डूंडा सिवनी के पुराने विद्यालय भवन में किया जा रहा है।
जानकारी के अनुसार वर्तमान भवन में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं हैं। सीमित स्थान होने से बच्चों को बैठने, अध्ययन करने और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय परिसर जर्जर व छोटा होने के कारण खेलकूद, प्रार्थना सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के



संचालन में भी परेशानी आती है।
वहीं, कंडीपार स्थित नवीन विद्यालय भवन में विशाल कक्ष, पर्याप्त खुला परिसर तथा बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं का संचालन भी इसी परिसर से शुरू किया जाए तो विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा और विद्यालय का समग्र शैक्षणिक वातावरण बेहतर होगा।
हालांकि, कक्षाओं के स्थानांतरण के साथ परिवहन व्यवस्था भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर सामने आई है। कई विद्यार्थी दूर-दराज के गांवों से अध्ययन के लिए आते हैं। ऐसे में अभिभावकों ने मांग की है कि विद्यालय को कंडीपार स्थानांतरित किए जाने के साथ विद्यार्थियों के लिए नियमित बस सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि छोटे बच्चों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। परिवहन की सुविधा न होने से बच्चे और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है,क्योंकि बीते दिवस ऑटो पलटने से कुछ छात्र घायल हो गए थे।
शिक्षा से जुड़े जानकारों का कहना है कि बेहतर आधारभूत सुविधाएं और पर्याप्त स्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। यदि सभी कक्षाओं का संचालन एक ही परिसर में किया जाता है तो प्रशासनिक व्यवस्था भी अधिक प्रभावी होगी और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का भी बेहतर अवसर मिल सकेगा। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें शिक्षा विभाग के निर्णय पर टिकी हैं।

### कन्या महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया

**सिवनी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 29 जुलाई 2026 को भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढक़र भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण एवं कार्यक्रम समन्वयक सुश्री हर्षा बघेल, सहायक प्राध्यापक के समन्वयन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।
इसके पश्चात महाविद्यालय परिवार द्वारा उपस्थित अतिथियों का भारतीय परंपरा के अनुसार श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. ओमप्रकाश सरवैया ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन एवं निरंतर ज्ञानार्जन के लिए प्रेरित किया।
कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों डॉ. एम. सी. सनोडिया (पूर्व प्रभारी प्राचार्य), डॉ. अमिता पटेल (पूर्व प्रभारी प्राचार्य) तथा श्रीमती कल्पना इंगले (पूर्व प्रभारी प्राचार्य) ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में भारतीय संस्कृति में गुरु के स्थान, गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता तथा नैतिक मूल्यों के पालन पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा को केवल रोजगार का साधन न मानकर व्यक्तित्व निर्माण का आधार बनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ समन्वयक श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक श्रीमती अलका उइके, पंकज शेन्डे, नरेन्द्र भीमते, गजेंद्र परते, रामदीन भलावी, डॉ सोहन लाल अहिरवार, डॉ अनीता भट्ट, डॉ रश्मि पाठक, डॉ डिंपल डेहरिया, डॉ राशिद खान, अशोक जैन, उमा प्रसाद उइके एवं समस्त, कर्मचारी एवं छात्राओं की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। अंत में सभी गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामय समापन किया गया।

### प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया अंतिम संस्कार

## बालाघाट के लालबर्रा रेंज में वयस्क टाईगर की मौत!



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत कक्ष क्रमांक 443, बीट बिहियाटिकुर में बुधवार को एक नर बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त बालाघाट एवं दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में वन विभाग का अमला तत्काल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच शुरू की।

घटनास्थल पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के प्रतिनिधि, फील्ड बायोलॉजिस्ट, वन्यजीव चिकित्सकों तथा वन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से सूक्ष्म निरीक्षण किया। जांच के दौरान बाघ के सभी अंग, जिनमें नाखून, दांत और मूंछें शामिल हैं, सुरक्षित पाए गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का पंचनामा तैयार कर आवश्यक फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी तथा अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए।

इसके बाद एनटीसीए के निर्धारित प्रोटोकॉल एवं भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा बाघ का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान रक्त, विसरा, ऊतक, बाल सहित आवश्यक जैविक नमूनों को वैज्ञानिक परीक्षण के लिए सुरक्षित कर सीलबंद किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया अधिकारियों की उपस्थिति में नियमानुसार संपन्न हुई। पोस्टमार्टम के उपरांत बाघ के शव का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार किया गया।

वन्यजीव विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों के अनुसार प्रथम दृष्टया बाघ का शव लगभग एक दिन पुराना प्रतीत होता है तथा उसकी मृत्यु आपसी क्षेत्रीय संघर्ष (टेरिटोरियल फाइट) के कारण होने की संभावना है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों की अंतिम पुष्टि फॉरेंसिक एवं अन्य वैज्ञानिक परीक्षणों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही की जाएगी।

वन विभाग ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है तथा वन्यजीव संरक्षण से संबंधित सभी वैधानिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि वैज्ञानिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों पर अंतिम निष्कर्ष निकाला जाएगा।

## 12 लाख रुपयों के जेवरात सहित 2 लाख रुपए नगदी ले उड़े चोर

### थाना से महज 100 मीटर की दूरी में दो बड़ी चोरी की वारदात

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।




वारासिवनी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाये थमने का नाम ले रही है। ताजा घटना में मंगलवार की रात नगर के वॉर्ड नंबर एक मिश्रा नगर निवासी डॉक्टर योगेंद्र राहंगडाले के सत्य दवाखाना से चोरो ने लगभग 12 लाख रुपयों के जेवरात, नगदी 2 लाख रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को बुधवार की सुबह लगी। जब डॉ योगेंद्र राहंगडाले मार्निंग वाक के लिए उठे। जब वह घर से बाहर निकले, तो उनकी नजर क्लिनिक के शटर पर पड़ी। जहां उन्हें ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। घटना की जानकारी लोगों को मिलने के पश्चात मोहल्ले में भीड़ एकत्रित होने लगी और पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से आरोपी की तलाश में जुट गई है।

घटना की जानकारी मिलने के पश्चात बालाघाट से डॉग स्क्वाड की टीम घटना स्थल पहुंची और बारीकी से स्थल का जायजा लिया। वहीं डॉग घटना स्थल से लगभग 500 मीटर दूर रामपायली मार्ग तक गया और वहां से वापस लौट गया।

एक माह पहले नए थानेदार अनूप कुमार उईके ने पदभार ग्रहण किया था।तब माना जा रहा था कि थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध काम और चोरों की शामत आएगी। मगर चोरों ने ही अब नए थानेदार को पकड़ने की चुनौती दे डाली। पिछले एक माह में यह चोरी की तीसरी बड़ी वारदात है। पहले चोरों ने ग्राम डोंगरगांव में 5 घरों व दुकानों में लाखों रुपयों की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। वही सोमवार 27 जुलाई की रात में नगर के नेहरू चौक के पास स्थित पशु आहार केंद्र में लगभग 5 हजार रुपए की नगदी चोर ले उड़े थे। अब मंगलवार की रात्रि में पुलिस थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर फिर चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। अब देखना होगा कि नए थानेदार इन चोरों को कब और कैसे पकड़ पाते है? वैसे इन चोरी की घटना के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास मौजूद है।

वैसे तो पुलिस नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अपने मुखबिर बनाकर रखती है, जिससे अपराधियों पर लगाम लग सके। मगर लगातार हो रही बड़ी घटनाओं से ऐसा महसूस होता है कि अब पुलिस के सूचना तंत्र कमजोर नजर आ रहे है।वैसा देखा जाए तो रात्रि के समय पुलिस गस्त भी नहीं करती, पुलिसकर्मी थाने में आराम करते रहते है।अगर रात्रि में गस्त होती रहती, तो थाना के महज 100 मीटर की दूरी पर बड़ी दो घटनाएं घटित नहीं होती।

## शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में गुरु पूर्णिमा का आयोजन, भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर हुआ विमर्श



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय, मलाजखंड में भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा का गरिमामय आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार पिवहरे ने की, जबकि कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. एस. एल. मंडावी रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक श्री डी. एस. वराडे ने भारतीय संस्कृति में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल शिक्षा प्रदान करने वाले नहीं, बल्कि जीवन के नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों के पथप्रदर्शक भी होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन और संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

प्रभारी प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार पिवहरे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु पूर्णिमा जैसे आयोजन विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा बनाए रखने और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. ऋषभ बिसेन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण प्रो. सुश्री स्वाति सिंह, प्रो. विशाल दमाहे, सुश्री रोशनी सुलाखे (क्रीड़ाधिकारी), डॉ. विजयश्रीकांत मिश्रा, डॉ. बी. डी. दुबे, सचिन राम शुक्ला, डॉ. मनोज मरावी, प्रदीप साहू, डॉ. करुणा पटेल तथा रमेश साकेत सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी ने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरु-शिष्य संस्कृति तथा नैतिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, आभार प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। महाविद्यालय परिवार ने इसे भारतीय संस्कृति और गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक एवं प्रेरणादायी पहल बताया।

## शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में गुरुपूर्णिमा पर 'सांदीपनि गुरु पर्व' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर 'सांदीपनि गुरु पर्व' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि गुरु के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान शेख ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमामय बनाया। इसके उपरांत महाविद्यालय के समस्त गुरुजनों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवराज चैरे ने विद्यार्थियों को गुरुपूर्णिमा की शुभकामनाएँ देते हुए गुरु के मार्गदर्शन में निरंतर ज्ञानार्जन एवं जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक श्री सुंदरलाल भलावी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में गुरु की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र लालबर्रा से पधारी उज्वला दीदी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने में गुरु की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सेवानिवृत्त शिक्षक डी.के. नारायण सोलंकी ने कविता के माध्यम से गुरु-शिष्य के अटूट विश्वास एवं समर्पण का भाव प्रस्तुत किया। वहीं एम.आर. पटले ने कहा कि किसी भी गुरु की सबसे बड़ी पूंजी उसके शिष्यों द्वारा दिया जाने वाला सम्मान और आदर होता है।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. आरती विश्वकर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री नरेश सौलखे द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में श्री सुमन बरवा, श्री प्रदीप कुमार भिमटे, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, श्रीमती भूमेश्वरी ठाकरे, श्री मनीश शिवहरे, डॉ. आशा कारे, श्री दीपक अहिरवार, श्री यादोराव राजुरकर, श्री व्यंकट नागपुरे, श्रीमती सरिता ऐड़े, श्री रामदयाल मथारे, श्री लकेश गेडाम, श्रीमती वंदना कुर्वे, श्री मिनेश पंचेश्वर, श्री निशांत तलवरे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जुलाई माह की गतिविधियों के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के इंदिरा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गुरु संदीपनी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेडाम ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा के भौतिकशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र खण्डायत उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. सरिता कोल्हेकर, डॉ. हेमंत कुमार मंडाले, डॉ. प्रवीण कुमार पन्द्रे, हेमंत गणवीर, डॉ. तृप्ती सोनवे, कृष्णा पराते तथा भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की प्रभारी रक्षा निकोसे सहित महाविद्यालय का शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा। अतिथियों का तिलक एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा के परिप्रेक्ष्य में गुरु-शिष्य परम्परा के महत्व पर व्याख्यान आयोजित किए गए। प्राध्यापिका सरिता नागवंशी ने गुरु-शिष्य संबंधों की गरिमा एवं वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में आए बदलावों पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अनिरुद्ध सिंह काकोडिया ने आरुणि की गुरु भक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुरु-शिष्य संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत बैहर विकासखंड में जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन

**बालाघाट।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र कुमार सुन्दर्याल के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड बैहर के देव मॉयल पब्लिक स्कूल उकवा, एकीकृत माध्यमिक शाला नारंगी एवं ग्राम कोंगेवानी में जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करना था।

## पीजी कॉलेज में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में बुधवार को उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की जिला नोडल अधिकारी डॉ. कंचन मसराम के मार्गदर्शन तथा संयोजक डॉ. रचना कोरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो. संतोष कुमार सक्सेना एवं डॉ. सतीश चिले ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय गुरु-शिष्य परम्परा की गौरवशाली विरासत से उपस्थित जनसमुदाय को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण एवं जीवन को सही दिशा देने वाले प्रेरणास्त्रोत भी होते हैं।इस अवसर पर डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव एवं डॉ. पी.एस. कातुलकर ने भी गुरु पूर्णिमा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का पौधा एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही महाविद्यालय के समस्त गुरुजनों का तिलक-वंदन कर श्रीफल अर्पित करते हुए सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने भी अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता व्यक्त की।महाविद्यालय में ₹गुरु पूर्णिमा महोत्सव – महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व₹ के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय सांदीपनि अलंकरण समारोह का सीधा प्रसारण भी सामूहिक रूप से देखा गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में डॉ. संतोष लिल्हारे, डॉ. डुलेश्वरी टेम्भरे, श्रीमती चित्रमाला भीमटे, डॉ. योगिता पटले एवं प्रो. आनंद पारधी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. सीमा श्रीवास्तव, डॉ. योगेश विजयवार, डॉ. एन.एम. कुरैशी, प्रो. सुखचंद ऐडे, डॉ. ताराचंद बड़घैया सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### बाघ संरक्षण सप्ताह के तहत लोगों से जंगल और वन्यजीव बचाने की अपील

## विश्व बाघ दिवस पर लांजी में निकली जागरूकता बाइक रैली, वन्यजीव संरक्षण का दिया संदेश



**हरिभूमि न्यूज लाँजी ।** अंतरराष्ट्रीय विश्व बाघ दिवस के अवसर पर बुधवार को लांजी वन विभाग द्वारा बाघ संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य आमजन को बाघों और अन्य वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा जंगलों की सुरक्षा का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाइक रैली का शुभारंभ वन परिक्षेत्र कार्यालय, लांजी से हुआ। रैली लांजी बस स्टैंड, मुख्य मार्ग सहित नगर के प्रमुख स्थानों से होकर पुनः वन परिक्षेत्र कार्यालय पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने बाघ बचाओ, जंगल बचाओ, जीवन बचाओ तथा वन्य जीवों का सम्मान करें, बाघों का संरक्षण करें जैसे संदेशों के माध्यम से नागरिकों को वन्यजीव संरक्षण का महत्व समझाया।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पूरे वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बाघों की सुरक्षा से जंगल सुरक्षित रहते हैं और जंगल सुरक्षित रहने से जैव विविधता तथा पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह वन्यजीवों के संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। रैली के दौरान लोगों से जंगलों में अवैध गतिविधियों की सूचना वन विभाग को देने, वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास की रक्षा करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील भी की गई। वन विभाग ने कहा कि बाघ संरक्षण सप्ताह के माध्यम से आमजन में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि आने वाली पीढियों के लिए प्राकृतिक धरोहर और वन्यजीवों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में लांजी वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा में 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा' का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**पीएम श्री शासकीय विद्यालय अमेडा विकास खण्ड बालाघाट जिला बालाघाट में मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित 15 दिवसीय 'गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा' का आज गरिमामय माहौल में समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत अमेडा की सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी दिलीप लिल्हारे उपस्थित रहीं।**

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपसरपंच श्रीमती सीमा अरुण तिलासे ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य श्री बी. एस. घरते ने की।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं ने भारतीय परंपरा के अनुसार अपने गुरुजनों का तिलक लगाकर और चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया।

समारोह में विद्यालय के नवागत संगीत शिक्षक श्री नितेश मिश्रा के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों ने अत्यंत सुमधुर स्वागत गीत, गुरु वंदना और प्रेरक भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा विद्यालय परिसर गुरु भक्ति के रस में डूब गया। पूरे कार्यक्रम का सफल और जीवंत मंच संचालन शिक्षक श्री आर के रावते द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी प्रभावी वक्तृत्व शैली से कार्यक्रम के अंत तक समां बांधे रखा।

मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी दिलीप लिल्हारे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे हमारे जीवन को सही आकार देते हैं। शिक्षकों के बिना एक श्रेष्ठ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। उपसरपंच श्रीमती सीमा अरुण तिलासे ने विद्यार्थियों को कड़े परिश्रम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य श्री बी. एस. घरते ने पखवाड़े के दौरान पखवाड़े की सफलता रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम श्री स्कूल अमेडा बच्चों के मानसिक, शारीरिक और नैतिक विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। प्रसाद वितरण के साथ इस भव्य पखवाड़े का समापन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 208 कोबरा वाहिनी ने गर्व और सैन्य सम्मान के साथ मनाया के.रि.पु. बल का 88वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



27 जुलाई को 208 कोबरा वाहिनी ने के० रि० पु० बल0 का 88वां स्थापना दिवस अत्यंत गर्व, हर्षोल्लास और सैन्य परंपराओं के साथ मनाया, जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि कमांडेंट श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट द्वारा क्वार्टर गार्ड में 'गार्ड ऑफ ऑनर' की सलामी और निरीक्षण के साथ हुई। इस गौरवशाली अवसर पर शहीद स्मारक पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिसके बाद कमांडेंट महोदय ने सैनिक सम्मेलन में कार्मिकों को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया तथा देश के लिए सेवा कर रहे बहादुर सेनिकों को उनकी उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा, अदम्य साहस और बेमिसाल सेवा भाव के लिये कमांडेंट श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट द्वारा पदक और DG डिस्क देकर सम्मानित किया गया। दिन के कार्यक्रम में जवानों के बीच खेल भावना से ओतप्रोत एक रोमांचक वॉलीबॉल मैच खेला गया तथा परिसर के बच्चों के लिये पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें परिसर में उपस्तिथ सभी बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। तत्पश्चात सभी विजेताओ को कमांडेंट श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंततः इस सफल समारोह का समापन सौहार्दपूर्ण माहौल में एक पारंपरिक सामूहिक भोज (बड़ा खाना) के साथ संपन्न हुआ।

### जिले में 74 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 29 जुलाई 2026 तक कुल 582 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 817 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी।

